
## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

आज दिनांक- 08.11.2024 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गयी।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया है। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत/समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ पुलिस अधीक्षक महोबा के समक्ष आये थे उन सभी की समस्याओं को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये/कराये जाने का आश्वासन दिया गया है।

पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त हुई शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।






## ◆ मिशन शक्ति अभियान-5 के तहत जनपद के समस्त थानों में गठित एण्टी रोमियों टीमों द्वारा क्षेत्र में भ्रमण कर महिलाओं/बालिकाओं को सुरक्षा के प्रति आश्वस्त कर शासन की विभिन्न योजनाओं के प्रति जागरुक किया गया-

मिशन शक्ति अभियान फेज - **5.0"** व "शक्ति दीदी" अभियान के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में जनपद महोबा में महिलाओं के सशक्तिकरण, स्वावलंबन एवं आत्मनिर्भर बनाने हेतु उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक **08.11.2024** को जनपद के प्रत्येक थाने में गठित मिशन शक्ति/एण्टीरोमियों पुलिस टीम द्वारा अपने अपने थाना क्षेत्रअन्तर्गत विभिन्न ग्राम, महत्वपूर्ण स्थलों एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों में भ्रमण कर महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके विरुद्ध हो रहे विभिन्न अपराध जैसे- सार्वजनिक स्थलो में छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन तथा अभद्र टिप्पणियाँ इत्यादि की घटनाओं/अपराधओं को रोकने के लिये एवं ऐसे अपराधों के प्रति आवाज उठाने के लिये उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया।

इस दौरान उनकी सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे यू0पी0**-112** नम्बर, वूमेन पावर लाइन **1090,** यूपी कॉप एप, महिला हेल्प लाइन **181,** मुख्यमंत्री हेल्प लाइन **1076,** चाइल्ड हेल्प लाइन **1098,** साइबर हेल्पलाइन **1930** इत्यादि के बारे में जानकारियां प्रदान की गई। इस दौरान सभी को अवगत कराया गया कि सभी थानों में उनकी सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा उनकी शिकायतें सुनी जाती हैं तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है।





प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 08.11.2024

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## महोबा पुलिस की रंग ला रही हैं कोशिशें-"ऑपरेशन खोज" के तहत 31 गुमशुदा/अपहृतों की बरामदगी की गई है तथा "ऑपरेशन बचपन" के तहत 42 बच्चों को बालश्रम से मुक्त कराकर उनके परिजनों को किया गया सुपुर्द-

मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान एक व्यापक और दूरदर्शी पहल है जिसका उद्देश्य महिलाओं/बालिकाओं एवं बच्चों को सुरक्षा, संरक्षा और आत्मनिर्भरता के लिए सशक्त बनाना है। शासन और पुलिस विभाग द्वारा इस अभियान की शुरुआत के साथ ही इस दौरान 09 अभियान शामिल किये हैं- इन्ही अभियानों में से गुमशुदा व्यक्तियों की बरामदगी हेतु रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन, बाल गृहों व एनजीओ द्वारा संचालित आश्रय गृहों आदि का भौतिक निरीक्षण कर गुमशुदा/अपहृतों को पुनर्वासित करने के लिये अभियान "ऑपरेशन खोज" चलाया जा है तथा बालश्रम, भिक्षावृत्ति एंव बाल विवाह के विरुद्ध बालक/बालिकाओं को अवमुक्त कराने हेतु "ऑपरेशन बचपन" चलाया जा रहा है।

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में जनपद महोबा में शारदीय नवरात्र से प्रारम्भ हुए मिशन शक्ति अभियान के तहत जनपद महोबा पुलिस के अथक मेहनत, लगन, प्रयास कर सर्विलांस के माध्यम से ऑपरेशन खोज के तहत 31 (28 बालिग एवं 03 नाबालिग) गुमशुदा/अपहृतों को सकुशल बरामद करते हुए उनके परिजनों को सुपुर्द किया गया है, सभी ने प्रसन्नचित होकर जनपद महोबा पुलिस के प्रति आभार व्यक्त किया है।

इसी प्रकार ऑपरेशन बचपन के तहत थाना एन्टी ह्यूमन ट्रैफिकंग यूनिट व श्रम विभाग की संयुक्त टीम द्वारा जनपद महोबा के विभिन्न प्रतिष्ठानों, मिठाई की दुकानों, ढ़ाबों, ऑटो मोबाइल की दुकानों, गैराजों पर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। उक्त अभियान के दौरान 42 बच्चों (बाल श्रमिकों) को कार्य करते हुए पाया गया। इन बाल श्रमिक बच्चों को अपनी संरक्षा में लेकर उनके परिजनों को सुपुर्द करते हुए हिदायत दी गई कि बच्चों से भविष्य मे बाल श्रम न करायें तथा सम्बन्धित प्रतिष्ठानों के सेवायोजकों के विरुद्ध अधिनियम का उल्लंघन करने के संबंध में नियमानुसार नोटिस जारी कर सम्बन्धित न्यायालय के समक्ष पेश होने के सख्त निर्देश दिए गए हैं।

इस अभियान के दौरान दुकानदारों/जनता के लोगों को बालश्रम न कराने पर जोर दिया गया तथा सार्वजनिक स्थानों/ मिठाई की दुकान, रेस्टोरेंट/ढ़ाबा, ब्रेकरी, आटो मोबाइल की दुकान, गैराज आदि स्थानों पर बालश्रम न कराने से सम्बन्धित पोस्टर चस्पा कर तथा इमरजेंसी सहायता हेतु शासन एवं प्रशासन द्वारा जारी टोल फ्री हेल्प लाइन नंम्बरों 108, 112, 1090, 1930,1098,1076,181 आदि के सम्बन्ध में लोगों को जागरुक किया गया।



प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 08.11.2024

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## यातायात माह नवंबर के तहत यातायात पुलिस टीम द्वारा यातायात नियमों के प्रति जागरूक करते हुए पंपलेट वितरित किए गए साथ ही गुड सेमेरिटन और गोल्डन ऑवर के विषय में जानकारी प्रदान कर यातायात नियमों की शपथ दिलाई गई-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद महोबा में सड़क दुर्घटनाओं में प्रभावी रोकथाम के लिए चलाये जा रहे यातायात माह नवंबर के तहत यातायात जागरुकता कार्यक्रमों की श्रृंखला के क्रम में आज दिनांक- 08.11.2024 को प्रभारी यातायात महोबा श्री सुनील कुमार सिंह के नेतृत्व में यातायात पुलिस टीम द्वारा यातायात जागरूकता माह कार्यक्रम के तहत महोबा मुख्यालय नगर क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर यातायात नियमों की अनदेखी करने वाले मोटर साइकिल, कार एवं बैटरी ई-रिक्शा चालकों को रोककर यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया तथा उनके वाहनों में यातायात नियमों के प्रति जागरुकता से सम्बन्धित स्टिकर को चस्पा किया गया साथ ही तथा यातायात नियमों के प्रति जागरूक करते हुए पंपलेट वितरित किए गए।

इस दौरान यातायात पुलिस टीम द्वारा गुड सेमेरिटन और गोल्डन ऑवर के विषय में जानकारी देते हुए बताया गया कि "गुड सेमेरिटन योजना" के तहत ऐसे नेक व्यक्ति को पुरस्कार दिया जाता है, जिसने किसी घातक दुर्घटना (मोटर वाहन से जुड़ी) के पीड़ित की जान तत्काल सहायता प्रदान करके तथा दुर्घटना के गोल्डन ऑवर (दुर्घटना के 60 मिनट) के भीतर उसे अस्पताल पहुंचाकर जान बचाई हो।

इसी क्रम में यातायात पुलिस टीम द्वारा यातायात जागरूकता माह कार्यक्रम के तहत मुख्यालय महोबा के प्राइवेट बस स्टैंड पहुंचकर वहां पर मौजूद बस एवं ऑटो चालकों को एकत्रित कर उन्हें यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया जिसमें उनको वाहन चलाते समय किन-किन सावधानियों को ध्यान देना चाहिए जिससे सड़क दुर्घटना रोका जा सके। इन यातायात नियमों के प्रति जागरुक करते हुए सभी वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन किये जाने की शपथ दिलाई गई।










थाना कोतवाली नगर महोबा क्षेत्रअन्तर्गत किडारी फाटक के पास ट्रक चालव व मोटर साइकिल सवार व्यक्तियों के मध्य मार्ग में वाहन चलाते समय ओवर टेक को लेकर विवाद की सूचना पर स्थानीय पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर ट्रक चालक se vaarta ki ja rahi hai. Aaropit मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति ko bhi hirasat mein liya gaya hai. Gahanta se poochhtaachh va jaanch prachalit hai.

थाना कोतवाली नगर महोबा क्षेत्रअन्तर्गत किडारी फाटक के पास ट्रक चालव व मोटर साइकिल सवार व्यक्तियों के मध्य मार्ग में वाहन चलाते समय ओवर टेक को लेकर विवाद की सूचना पर स्थानीय पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर ट्रक चालक से वार्ता की जा रही है, आरोपित मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति को भी हिरासत में लिया गया है, गहनता से पूछताछ व जाँच प्रचलित है।